राजस्थान सरकार

2024/121

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128 | 65/24 | 14/3/2024 | | 4/4/24 |

अनवान

श्री बदाम देवी W/o प्रभुलाल जाति मीणा

निवासी कांमां तह. बिजौलिया

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट

डिक्रीदार

श्री मनीष धाकड़

श्री गंगाराम S/o नन्दा जाति बलाई

निवासी गणेशपुरा तह. बिजौलिया

अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

मदयून

श्री

# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

: नहम बनाम गंगाराम

किस्म मुकदमा – 111 - 128 नम्बर 65/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 14/3/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से वाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हो। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 4/4/2024 को पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |
| 4/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण बाद तामील अनुपस्थित। विपक्षीगण के विरुद्ध एक-पक्षीय कार्यवाही के आदेश पारित किए गए। आदेश खुले न्यायालय में सुनाए गए। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>(मुहर: उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा))<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 65/24 तारीख दायर 14/3/24

1. बदाम देवी पत्नि प्रभुलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी कामां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थीया

बनाम्

1. गंगाराम पिता नन्दा जाति बलाइ उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. प्रभु पिता माधू जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
3. नोला पिता मोती जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
4. नानी देवी पत्नि शम्भूलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी मोतीपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

..........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

## –: आदेश :–

दिनांक 04/04/24

प्रार्थना पत्र बदाम देवी ने जरिये अभिभाषक श्री **मनीष धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम सरकी कुंडी पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 22 पर अंकित आराजी संख्या 132/11 रकबा 0.9712 हे0 भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अत: पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

.......................निरन्तर पेज संख्या 2 पर

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदारी काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेडा को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। पत्थरगढी कमिश्नर फीस 500 /– रूपये तय किये जाते हैं। प्रार्थी वक्त पत्थरगढी फीस अदा करेगा।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम सरकी कुंडी पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 22 पर अंकित आराजी संख्या 132/11 रकबा 0.9712 हे0 भूमि** की बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाडा

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)**

प्रकरण संख्या – / तारीख दायर

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)**

प्रकरण संख्या – 65/24

तारीख दायर 14/3/24

प्रेषिति :–तहसीलदार बिजौलियाँ

विषय :– प्रकरण संख्या 65/ पत्थरगढ़ी बाबत्।

**1. बदाम देवी पत्नि प्रभुलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी कामां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0**

**............प्रार्थीया**

**बनाम्**

**1 गंगाराम पिता नन्दा जाति बलाइ उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0**

**2. प्रभु पिता माधू जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0**

**3. नोला पिता मोती जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0**

**4. नानी देवी पत्नि शम्भूलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी मोतीपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0**

**.........विपक्षीगण**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मे आदेश होकर लेख है मौजा ग्राम सरकी कुंडी पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 22 पर अंकित आराजी संख्या 132/11 रकबा 0.9712 हे0 भूमि** की बशमलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें।आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेडा को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस 500/–रूपये वक्त पत्थरगढी प्रार्थीगण अदा करेगें। पत्थरगडी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडौसियान को सूचित करते हुये पत्थरगडी करें।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ